समापन | हैंडबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का समापन

# यूटीडी व खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीते खिताब





**जबलपुर नवभारत।** 26वीं हैंडबॉल प्रीमियर लीग का समापन सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में धनवंत राय सेठी उपाध्यक्ष सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी, इंद्र कुमार विरमानी सदस्य सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी, मौलश्री दुबे, डॉ. प्रशांत मिश्रा अध्यक्ष मप्र. क्रीड़ा परिषद, हर्षित सिंघई अध्यक्ष मध्यप्रदेश ड्यूबॉल संघ, सुनील जैन, ऑस्कर मोजिस, साजी एमजे, रिंपल कुमार, शक्ति राठौर, प्रमोद पासी, संदीप विश्वकर्मा, विकास पांडे, नील प्रकाश, डॉ. रोहित वर्मा, अनीता साहू, शैला मथाई , अनिल सिंह धनंजय, कुलदीप कौर, रणजीत कौर , गुरप्रीत कौर, राजिंदर कौर, जसकीरत सिंह के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। प्रथम हार्डलाइन मैच इनविक्टस बॉयज एवं वीएफजे बॉयज के मध्य हुआ, जिसमें इनविक्टस बॉयज ने 21-09 से शानदार जीत हासिल की। फाइनल मैच खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी एवं यूटीडी बॉयज के मध्य खेला गया। मैच के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय अतिथियों से कराया गया। तत्पश्चात फाइनल मैच प्रारंभ हुआ।

### सनातन गर्ल्स की टीम रही दूसरे स्थान पर

बालक वर्ग में प्रथम स्थान यूटीडी ब्वॉयज, द्वितीय स्थान खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी ब्वॉयज, तृतीय स्थान इनविक्टस ब्वॉयज ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खालसा स्पोर्ट्स एकेडमी, द्वितीय स्थान सनातन गर्ल्स, तृतीय स्थान पर यूटीडी गर्ल्स रही। इस फाइनल मैच के दौरान कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता का संचालन विश्वामित्र अवॉर्डी हरमिंदर सिंह ढिल्लो एवं जगपाल सिंह ढिल्लो द्वारा किया गया।

**खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत-** फाइनल में टीम यूटीडी ने 19-13 से जीत हासिल की और खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में पलक चंसौरिया, महक जायसवाल, खुशी बेन, तनवी सतनामी, तनुजा सेन, अंशिका जंघेला आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

# पौधों के रोपण के साथ मनाया ओलिंपिक दिवस





ग्रीष्मकालीन शिविर 'आरोह 2026' का भी हुआ समापन

**जबलपुर नवभारत।** 23 जून को अंतराष्ट्रीय ओलिम्पिक दिवस रानीताल खेल परिसर में मप्र ओलिम्पिक संघ एवं खेल और युवा कल्याण विभाग के संयोजन में 1200 खिलाडियों व प्रशिक्षकों की उपस्थिति में मनाया गया, इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर 'आरोह' का भी समापन हुआ।

प्रधान मंत्री मोदी एवं भारतीय ओलिम्पिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के निर्देश पर 2036 का ओलिम्पिक भारत में सम्पन्न हो इसलिये इस वर्ष 2036 पौधों का रोपण मध्य प्रदेश में ओलिम्पिक डे के अवसर पर किया गया है। इसके साथ ही ग्रीष्म कालीन शिविर आरोह 2026 का भी समापन हुआ। इसमें लगभग 5000 खिलाडियों ने भाग लिया।

**इनकी रही उपस्थिति-** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिग्विजय सिंह महासचिव मप्र ओलिम्पिक संघ थे तथा अध्यक्षता आशीष पाण्डेय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने की। इस अवसर पर जिला ओलिम्पिक संघ के सचिव शिशिर तिवारी, मप्र खो-खो संघ के सचिव विश्वामित्र अवॉर्डी संजय यादव, विक्रम अवॉर्डी वीरेन्द्र सिह, शेखर अवस्थी, सुनील भारती, दिग्दर्श सिंह, परमजीत सिंह, संजय पाण्डे आदि उपस्थित थे।

# स्कार्पियो का टायर फटने से गाड़ी 10 फुट ऊंची उछली



**नवभारत, नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा।** मंगलवार के अलसुबह भोपाल से रीवा जा रही स्कार्पियो गाड़ी क्रमांक एमपी 09 सीटी 6694 का भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग पर तेंदूखेड़ा के नवीन पार्श्वनाथ भगवान जैन मंदिर के सामने तरफ अचानक अगला पहिया फट जाने के कारण स्कार्पियो अंसतुलित होकर लगभग 10फुट ऊंची हवा में उछल कर लहराते हुए जमीन पर पलट गई जिसमें सवार लोगों में से एक को सिर में गंभीर चोटें आई हैं तथा शेष लोगों को भी छुट पुट चोटें आई हैं।

घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु तेंदूखेड़ा अस्पताल भेजा गया है। जहां से गंभीर पीड़ितों को नरसिंहपुर रिफर किया गया।

जिसमें राजेश पिता रामनिहोर साकेत उम्र 50 साल निवासी ग्राम कटकी तहसील सिरमौर जिला रीवा भूरी बाई पति रामनाथ साकेत उम्र 70 साल निवासी ग्राम पुरैनी तहसील हुजूर जिला रीवा सुषमा पति राजेश साकेत उम्र 45 साल ग्राम कटकी विमला पति रामनरेश साकेत उम्र 40साल ग्राम रायपुर नोढिया जिला रीवा कु रितिका शालिगराम साकेत उम्र 07 साल निवासी बीरखाम तहसील सिमरिया जिला रीवा प्रमुख रुप से शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना सुबह लगभग सात साढ़े सात बजे के आसपास की है। भोपाल तरफ से स्कार्पियो चली आ रही थी कि अचानक जोर की आवाज आई और गाड़ी ऊंची हवा में उछलती हुई पलट गई चीत्कार मच गई।सुबह सुबह घूमने वाले लोगों आसपास रहवासियों ने मदद करते हुए। पुलिस और एम्बुलेंस बाहन सेवा से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## गौरक्षक बनकर रंगदारी और अपहरण करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** थाना कोतवाली क्षेत्र में स्वयं को गौरक्षक बताकर रंगदारी वसूलने, मारपीट करने और लोगों को बंधक बनाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पाण्डवनगर निवासी नारेश्वर प्रसाद पनिका अपने तीन पालतू बैलों को खेती कार्य के लिए ग्राम सिलवारी, जिला अनूपपुर भेजने हेतु पिकअप वाहन में लोड करवा रहे थे। इसी दौरान कार से पहुंचे तीन व्यक्तियों ने स्वयं को गौरक्षक बताते हुए मवेशियों को चोरी कर कटाई के लिए ले जाने का आरोप लगाकर 50 हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इंकार करने पर आरोपियों ने फरियादी एवं उसके साथियों के साथ डंडे, रॉड तथा हाथ-मुक्कों से मारपीट की।

आरोपियों ने फरियादी और श्रमिकों को जबरन वाहन में बैठाकर अड़ना नदी किनारे स्थित एक फर्म हाउस में ले जाकर बंधक बना लिया तथा नगदी और मोबाइल फोन भी छीन लिए।

# सैन्य अनुशासन और खेल से अरविंद वर्मा ने रचा इतिहास



**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत के तत्वावधान में जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, जबलपुर में हवलदार अरविंद वर्मा की एटेस्टेशन परेड सैन्य परंपराओं और गौरवपूर्ण रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई। सैन्य अधिकारियों ने उनकी उपलब्धियों को सेना की खेल संस्कृति और उत्कृष्टता का प्रतीक बताया। सीहोर के साधारण ग्रामीण व किसान परिवार के बेटे अरविंद आज भारतीय सेना के प्रतिभाशाली कैनोइस्ट बन अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का मान बढ़ा रहे हैं। उनका सफर संघर्ष, अनुशासन और इच्छाशक्ति की कहानी है। उनके पिता बस चालक थे और माता दैनिक मजदूर थीं। पिता के असामयिक निधन के बाद कठिन हालातों में भी उन्होंने हार नहीं मानी और पिता के सैनिक व खिलाड़ी बनाने के सपने को अपना लक्ष्य बनाया।

**गाँव के तालाब से सेना तक सफ़र-** गांव के तालाबों में तैराकी से शुरुआत करने वाले अरविंद ने अपनी मेहनत के दम पर जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंट के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी कैनोइस्ट के रूप में पहचान बनाई। लगातार अभ्यास और अनुशासन के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय सेना और देश का गौरव बढ़ाया है। समारोह में मौजूद सेना अधिकारियों ने कहा कि हवलदार अरविंद वर्मा की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय सेना के अनुशासन, खेल भावना और समर्पण का प्रतीक है। उनका संघर्ष और सफलता देश के सैनिकों, उभरते खिलाड़ियों तथा युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह साबित करता है कि कठिन परिस्थितियां भी उस व्यक्ति का रास्ता नहीं रोक सकतीं, जिसके पास लक्ष्य के प्रति अटूट विश्वास, कड़ी मेहनत और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा हो।

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल उपलब्धियां-** हवलदार अरविंद वर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए टिहरी कप में दो स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय खेलों में रजत पदक, प्रेसिडेंट्स कप में रजत पदक और राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तीन रजत पदक जीते हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप कजाकिस्तान (2026) में तीन कांस्य पदक, एशियन कैनो स्प्रिंट अंडर-23 चैंपियनशिप थाईलैंड (2025) में रजत पदक और एशिया कप हांगकांग (2025) में स्वर्ण पदक हासिल कर देश का नाम रोशन किया है।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम NATHULAL DONGRE था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज था, परंतु अब मेरा नाम N.L. DONGRE हो गया है जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अतः आज दिनांक से मुझे N.L. DONGRE के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम- NATHULAL DONGRE
नया नाम- N.L. DONGRE

# कोरा कागज़ था ये मन मेरा....



**जबलपुर, नवभारत।** मंगलवार 23 जून को शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में एन टी पी सी एक्स इंप्लाइज एंड एसोसिएट्स म्यूजिकल ग्रुप द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया यह संगीतमयी संध्या बेहद लोकप्रिय एवं कर्णप्रिय गीतों से सुसज्जित थी, जिसमें संगीत संयोजन सुरेन्द्र दहिया का था। उपरोक्त कार्यक्रम में अपनी जानदार और शानदार प्रस्तुतियों में क्रमशः अजय बैनर्जी, प्रमोद सुकृत, अनिरुद्ध भट्टाचार्य, मौसमी बैनर्जी, चित्ररूप मुखोपाध्याय, प्रीति मंडल, पूर्वी मुखोपाध्याय, रेशमा विश्वकर्मा, सोमनाथ बैनर्जी, देबारति बैनर्जी, अंकिता सेन, कल्पना ठाकुर, मोहन ठाकुर एवं राजीव अखोटकर ने बेहतरीन गायकी द्वारा दशकों का मन मोह लिया। इनके द्वारा कोरा कागज था ये मन मेरा, मेरा दिल भी कितना पागल है, जवाने जानेमन हसीन दिलरुबा, ये रातें ये मौसम, रिमझिम गिरे सावन, जिंदगी मिलके बितायेंगे, जाने क्या तूने कही, जा जा जा जा बेवफा, एक अकेला इस शहर में इत्यादि सुमधुर गीतों की प्रस्तुति अनोखे एवं भावपूर्ण अंदाज के साथ बेहतरीन रूप से मंच पर प्रस्तुत गीतों को उपस्थित श्रोताओं ने तालियां बजाकर खूब सराहा। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्वी मुखोपाध्याय ने किया।

# हेल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने मनाया 11वां स्थापना दिवस



**नवभारत, जबलपुर।** हेल्पिंग हैंड्स फॉरएवर वेलफेयर सोसाइटी ने अपना 11वां स्थापना दिवस और सामान्य सभा समारोह मनाया। अध्यक्ष हंसाबेन शाह ने कहा कि सेवा तभी सार्थक है जब उससे जरूरतमंद का जीवन बदले। संस्था भविष्य में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के नए कार्य शुरू करेगी। सचिव देवेंद्र सिंह अरोरा ने वार्षिक सेवा कार्यों की रिपोर्ट दी, सह-कोषाध्यक्ष पुनीत चितकारा ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा और संचालन उपाध्यक्ष विनोद शर्मा ने किया। इस दौरान होनहार छात्रों को प्रमाण-पत्र, समाजसेवियों को 'सेवा सम्मान' और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को नीति भसीन द्वारा स्मृति उपहार दिए गए।

**सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण पर जोर-** मुख्य अतिथि सुषमा भाटिया ने समाज की असली ताकत सेवा भावना को बताते हुए लोगों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ईश्वर दुआ और प्रभा मल्होत्रा ने काव्य पाठ किया। नए सदस्यों का स्वागत हुआ और दान की घोषणाएं की गईं। संस्था के 11 वर्षों के सफर का केक काटा गया। हरीश पंजवानी ने आभार जताया, जबकि देवेंद्र सिंह अरोरा और संगीता विश्नोई ने लकी ड्रा विजेताओं को इनाम दिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए दीपक चंडोक ने सबको पौधे भेंट किए। इसे सफल बनाने में उपाध्यक्ष प्रवीण भाटिया और कार्यकारिणी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ती JYOTI JHARIYA उम्र लगभग 42 वर्ष पति GOLU JHARIYA निवासी क्वा नं. 554, सेक्टर-2, टाईप 4, व्ही.एफ.जे. ईस्टेट, मड़ई, थाना रांझी, जिला जबलपुर, म.प्र. शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन वस्ती हूँ मैं शपथकर्ती उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ, मेरे शिक्षा संबंधी दस्तावेजो में मेरा नाम JYOTI KUMARI तथा मेरे पिता का नाम BADRI PRASAD दर्ज है, मेरा विवाह GOLU JHARIYA के साथ संपन्न हुआ है, विवाह के उपरांत मेरा नाम JYOTI KUMARI के उपरांत JYOTI JHARIYA हो गया है, JYOTI KUMARI एवं JYOTI JHARIYA ये दोनो ही नाम मेरे है, किसी अन्य महिला के नहीं है। इस हेतु शपत्रपत्र प्रस्तुत है।

पुराना नाम-JYOTI KUMARI
नया नाम-JYOTI JHARIYA

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा, संकेत एवं दूरसंचार विभाग, निविदा दिनांकः 16.06.2026

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यें हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करता है। **ई निविदा सूचना क्रमांकः** JBP-SnT-Proj-PSSA-07, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ (PSS) प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रण (RFP) - WCR के जबलपुर मंडल के अंतर्गत कटनी जंक्शन स्टेशन पर एक मुख्य केबिन तथा एक एंड केबिन (OC) सहित वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था के संबंध में, इनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग उपकरणों, विद्युत आपूर्ति उपकरणों, MSDAC, ट्रैक सर्किट, पॉइंट मशीनों आदि की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग के समेकित कार्य के साथ-साथ (S&T) सेवा भवनों के निर्माण, S&T उपकरणों हेतु (AT) आपूर्ति की व्यवस्था तथा संबंधित विद्युत कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएँ (PSS) प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रण (RFP)।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** 1,31,89,745.61/-, **कार्यालय का पताः** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/जबलपुर (प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, जबलपुर), **बयाना राशि रूपयेः** 2,63,800/-, **समापन अवधि माहः** 16 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय (15.00 बजे तक):** समय 15:00 बजे, 08.07.2026। उपरोक्त निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेब साइट https://iresp.gov.in उपलब्ध है तथा उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा उक्त वेब साइट से केवल ओनलाइन आवेदन ही की जा सकती है। (हस्ता)

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

शुद्धिपत्र संख्या-05/2026

निविदा सं. 81255682 जिसके खुलने की तिथि 18/06/2026 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/11/2026- के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-, निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरणः 81255682 Description:- सप्लाई, असेम्बलिंग, कमीशनिंग एंड मैनटैनिंग ऑफ न्यू टैम्पिंग बैंक्स फॉर PCT CRCC टैम्पिंग मशीन, **Tender Opening Date From:** 18/06/2026 , **To:** 29/06/2026, निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरणः Eligibility-1. Clause description (General), Docs. Upload, **Tender Opening Date From:** Not Allowed, **To:** Allowed (optional), निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरणः Eligibility-2. Clause description (General)- ONOUS OF SUBMISSION OF REQUISITE DOCUMENTS., Docs. Upload, **Tender Opening Date From:** Not Allowed, **To:** Allowed (optional), निविदा सं. एवं संक्षिप्त विवरणः Eligibility-3. Clause description (General)- TENDER SPECIFICE AUTHORIZATION., Docs. Upload, **Tender Opening Date From:** Not Allowed, **To:** Allowed (optional), अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए बेबसाईट https://www.ireps.gov.in. देखें । (हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/15/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 30261807 | वेस्टीबुले बिल्लो टॉप कम्पलीट फॉर गैंगवे ऑफ LHB टाइप कोचेस | 448 नंबर्स | 14/07/2026 |
| 2 | 8125WCRTP-25 | मनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ मेटल लाइनर्स 60 kg फॉर यूज विथ ERC MK-III फ्लैट toe on PSC स्लीपर्स फॉर 60 kg (UIC) रेल | 11000000 नंबर्स | 16/07/2026 |
| 3 | 30261805 | वेस्टीबुले बिल्लो कम्पलीट (RH साइड) फॉर गैंगवे ऑफ LHB टाइप कोचेस | 408 नंबर्स | 20/07/2026 |
| 4 | 30261769 | सेट ऑफ साइड बफर assly. (हेलिकल स्प्रिंग टाइप) (LH& RH) फॉर LHB कोचेस | 42 सेट्स | 20/07/2026 |
| 5 | 30261021 | रियर कवर फॉर एक्सल बॉक्स | 3522 नंबर्स | 22/07/2026 |
| 6 | 30262026 | सेट ऑफ ब्रेक सिलिंडर फॉर LHB कोच | 09 सेट्स | 04/08/2026 |
| 7 | 30261535 | सेकेंडरी स्प्रिंग इनर फॉर LHB Non-AC कोचेस | 302 नंबर्स | 26/08/2026 |


50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंता का विषय | फेंसिंग चेतावनी बोर्ड और निगरानी के अभाव में बढ़ा खतरा, पुनर्वास और जन सुरक्षा के मानकों पर उठ रहे सवाल

# बंद धनपुरी ओपन कास्ट खदान में सुरक्षा उपायों की अनदेखी



**नवभारत, ( धनपुरी )।** कोयला उत्पादन समाप्त होने के बाद किसी भी ओपन कास्ट खदान का बंद होना केवल खनन कार्य की समाप्ति नहीं होता, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण प्रबंधकन की होती है। खदान बंद होने के बाद उसका सुरक्षित पुनर्वास, पर्यावरणीय पुनर्स्थापन और जनसुरक्षा सुनिश्चित करना खनन कंपनी की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। सोहागपुर क्षेत्र की धनपुरी ओपन कास्ट खदान, जहां कभी बड़े पैमाने पर कोयला उत्पादन किया जाता था, आज उत्पादन बंद होने के बाद सुरक्षा और रखरखाव के सवालों को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। खदान परिसर की वर्तमान स्थिति को देखकर सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि सुरक्षा संबंधी अनेक ऐसे कार्य हैं, जिन पर और अधिक गंभीरता से ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

खनन विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी बंद ओपन कास्ट खदान में सबसे पहले अंतिम पिट (गड्ढे) की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि खदान का गहरा हिस्सा खुला छोड़ दिया गया है या उसमें पानी भर गया है, तो वहां मजबूत फेंसिंग, चेतावनी बोर्ड और अनाधिकृत प्रवेश रोकने के लिए प्रभावी अवरोधक लगाए जाने चाहिए। धनपुरी क्षेत्र में भी यह आवश्यक है कि खदान के आसपास ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया जाए जहां दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कई बार स्थानीय लोग, चरवाहे या बच्चे अनजाने में खदान क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं, जिससे गंभीर हादसे हो सकते हैं। बंद खदानों में ढलानों की स्थिरता भी एक महत्वपूर्ण विषय होती है। वर्षों तक खनन के कारण बनी ऊंची और गहरी ढलानों में समय के साथ दरारें या कमजोरियां उत्पन्न हो सकती हैं।

बरसात के मौसम में यह खतरा और बढ़ जाता है। इसलिए जियोटेक्निकल परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि खदान की सभी ढलानें सुरक्षित हैं। जहां आवश्यकता हो वहां ढलानों का पुनर्गठन, ढीले पत्थरों को हटाने तथा कटाव रोकने के उपाय किए जाने चाहिए। यदि ऐसी व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से नहीं की जातीं तो भविष्य में भू-स्खलन जैसी घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता।

ओवरबर्डन डंप या मिट्टी-पत्थर के विशाल ढेर भी बंद खदानों में जोखिम का कारण बन सकते हैं। इन डंपों को वैज्ञानिक तरीके से समतल करना, टेरेसिंग करना तथा उन पर घास और वृक्षारोपण कर स्थायी रूप से स्थिर बनाना आवश्यक होता है। धनपुरी ओपन कास्ट खदान के संदर्भ में भी यह अपेक्षा की जाती है कि सभी डंप क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण हो और कटाव या धंसाव की संभावनाओं को समय रहते नियंत्रित किया जाए। हरित आवरण न केवल सुरक्षा बढ़ाता है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।

जल स्रोतों को प्रभावित कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे क्षेत्रों में नियमित जल परीक्षण, जल निकासी व्यवस्था तथा आवश्यकतानुसार उपचार की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, यदि खदान में पानी भरा हुआ है तो उसकी गहराई और संभावित खतरे के संबंध में स्पष्ट सूचना पट्ट लगाए जाने चाहिए।

धनपुरी क्षेत्र में जनसुरक्षा के दृष्टिकोण से भी कई उपाय अपेक्षित हैं। खदान की परिधि में मजबूत बाउंड्री, पर्याप्त संख्या में चेतावनी संकेतक, रात के समय परावर्तक संकेत (रिफ्लेक्टिव साइन) तथा संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था होना आवश्यक है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**निविदा-सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | न.नि.ज./प्रकाश/2026-27/02/पी.आर.ओ./334 दिनांक 23/06/2026 | SITC of 16 Meter High mast at Ward No. 65 Jabalpur. | 03 माह एवं 422101.00 | 2000.00 एवं 4250.00 | 10/07/2026 (2ND Call) |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन-लाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री(विद्युतीय) नगर पालिक निगम, जबलपुर